**अपर सत्र न्यायाधीश, न्यायालय संख्या- २, झांसी**

( CNR No- UPJS01- 002494- 2012)

( JO Code No- UP6353)

उपस्थित :- ओमबीर, एच०जे०एस०

सत्र परीक्षण संख्या- २९४/ २०१२

सरकार बनाम मानू आदि।

अ०सं०- ३२६/ २०११

धारा- १४७, १४८, १४९, ३०७ भा०दं०सं०

थाना- रक्सा, जिला- झाँसी।

**दिनांक- ०३. ०३. २०२१**

सत्र विचारण की पत्रावली पेश हुई। पुकारा गया। पुकार पर अभियुक्त कौशल सिंह यादव की हाजिरी माफी का प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है।

एक अन्य अभियुक्त मानू उर्फ मानवेन्द्र की ओर से प्रार्थनापत्र- १७३बी उसके विरूद्व जारी गैर जमानतीय वारण्ट निरस्त किये जाने की प्रार्थनापत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है।

अभियुक्त रामप्रताप अनुपस्थित है। शेष अभियुक्तगण उपस्थित हैं।

सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि अभियुक्त रामप्रताप की अनुपस्थिति की वजह से मामले के निस्तारण में अनावश्यक रूप से विलम्ब हो रहा है। अनुपस्थित अभियुक्त रामप्रताप के विरूद्व गैर जमानतीय वारण्ट जारी है। उसके जामिनदार को भी नोटिस जारी हो।

पत्रावली वास्ते हाजिरी दिनांक ०७- ०४- २०२१ को पेश हो।

सम्बन्धित लिपिक अनुपालन सुनिश्चित करें।

अभियुक्त कौशल सिंह यादव की केवल आज की तिथि की हाजिरी जरिये अधिवक्ता माफ की जाती है।

अभियुक्त मानू उर्फ मानवेन्द्र के प्रार्थनापत्र के सम्बन्ध में अलग से आदेश पारित किया गया।

**( ओमबीर)**

**अपर सत्र न्यायाधीश,**

**न्यायालय संख्या- २, झांसी।**